

UPM

UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता

# हर दिन के वास्तविक फैसलों के निर्देश

UPM **BIOFORE–BEYOND** FOSSILS

# विषय-सूची


**मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदेश** 3

**परिचय** 4

**प्रतिबद्धता**

1. सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी वचनबद्धता 6

**लोग और संचालन**

2. लोगों और मानव-अधिकारों का सम्मान करना 8
3. पर्यावरणीय प्रभाव और उत्पाद सुरक्षा का ध्यान रखना 10

**व्यावसायिक सत्यनिष्ठा**

4. भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के प्रति पूर्ण असहिष्णुता 12
5. व्यावसायिक पारदर्शिता 14
6. प्रतिस्पर्धा संबंधी कानूनों का अनुपालन 16
7. परिसंपत्तियों और जानकारी का संरक्षण करना 18

**आपूर्ति श्रृंखला और अन्य हितधारक**

8. अपने साथ व्यापार करने वाले लोगों के बारे में जानना 20
9. हितधारकों और समाज के साथ संलग्न होना 22

**अपनी समस्याएं बताएं**

10. अनुपालन में सभी शामिल हैं 24



# प्रिय भागीदार,

UPM में, हमारा मानना है कि सत्यनिष्ठा हमारे सभी व्यावसायिक संचालनों का मूल तत्व है और हमारी निरंतर सफलता और विकास का आधार है. हम किसी भी परिस्थिति में सत्यनिष्ठा के अपने मानकों से कभी भी समझौता नहीं करते हैं और यही अपेक्षा हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और तृतीय-पक्ष मध्यस्थों से भी करते हैं.

हमारे भागीदार के तौर पर आप हमारी मूल्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण अंग हैं. हम अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता, पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए आपके साथ निरंतर संवाद और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं.

यह हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम जो भी कार्य करें और जो भी फ़ैसले लें वह सत्यनिष्ठा से करें. मुझे उम्मीद है कि आप और आपकी कंपनी इसमें अपनी ज़िम्मेदारी निभाएंगे: बिना किसी अपवाद के UPM के आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता का अनुपालन करें और अपने रोज़मर्रा के काम में सही चुनाव करें.

मासमो रेनाडो

UPM केअध्यक्ष और CEO

# परिचय

UPM का लक्ष्य एक विश्वसनीय व्यावसायिक भागीदार बनना है और हमारा मानना है कि जिम्मेदार और नैतिक प्रक्रियाएं UPM और उसके हितधारकों दोनों के लिए ही दीर्घकालीन बहुमूल्यता का निर्माण करेंगी. UPM ने सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को अपनी आचार संहिता में बताया है. हमारा प्रमुख सिद्धांत यह है कि हम किसी भी परिस्थिति में सत्यनिष्ठा के अपने मानकों से कभी भी समझौता नहीं करते हैं और यही अपेक्षा हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और तृतीय-पक्ष मध्यस्थों से भी करते हैं.

UPM के सभी आपूर्तिकर्ताओं और तृतीय-पक्ष के मध्यस्थ (जैसे एजेंट, सलाहकार, संयुक्त उद्यम भागीदार, स्थानीय भागीदार या UPM की ओर से कार्य करने वाले वितरक) को इस UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता में निर्धारित मानकों का पालन करना या उनकी आचार संहिता या कंपनी नीति में परिभाषित इसी तरह के मानकों का पालन करना आवश्यक है.


UPM की आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता कार्य-संपादन का वह न्यूनतम स्तर निर्धारित करते हैं, जिसकी अपेक्षा UPM अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं और तृतीय-पक्षों से करता है. कुछ सामग्रियों और सेवाओं के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएं हैं.

UPM की आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते के दस सिद्धांतों, व्यापार और मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत और काम पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की घोषणा पर आधारित है.


आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता का सबसे नवीनतम संस्करण UPM वेबसाइट में उपलब्ध है.

---

**अधिक जानें**
व्यवसाय और मानव अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शी सिद्धांत
संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते के दस सिद्धांत
संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य
बहु राष्ट्रीय उद्योगों के लिए OECD दिशा-निर्देश








**अधिक जानकारी के लिए, निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय समझौतों और घोषणाओं और UPM निर्देशों का संदर्भ लें.**

**मौलिक ILO समझौते**

- इकट्ठा होने की स्वतंत्रता और सम्मेलन आयोजित करने के अधिकार की सुरक्षा (नं. 87)
- इकट्ठा होने और साथ मिलकर मोल-भाव करने के लिए सभा आयोजित करने का अधिकार (नं. 98)
- बंधुआ मज़दूर सम्मेलन (नं. 29)
- बंधुआ मज़दूर उन्मूलन सम्मेलन (नं. 105)
- न्यूनतम आयु का सम्मेलन (नं. 138)
- बाल श्रम के सबसे खराब रूप का सम्मलेन (नं. 182)
- समान भत्ते का सम्मेलन (नं. 100)
- भेदभाव (रोज़गार और पेशा) सम्मेलन (नं. 111)

**ILO व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सम्मेलन (नं. 155)**

**संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते के दस सिद्धांत**

**संयुक्त राष्ट्र के मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा**

**UPM सुरक्षा इंडक्शन**

# 1 सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी वचनबद्धता

## UPM का तरीका

UPM अपने सभी संचालनों में लागू कानूनों और विनियामकों का अनुपालन करता है. कानून का पालन और ज़िम्मेदार और नैतिक व्यवहार सभी UPM के व्यवसायों की नींव है.

**UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:**

- लागू सभी कानूनों और विनियमों का पालन करेगा।
- यदि आपूर्तिकर्ता aया तृतीय-पक्ष, आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता का पालन करने में असमर्थ है, तो इसकी सूचना तुरंत अपने UPM के संपर्क को देगा।

**सत्यनिष्ठा अर्थात उचित कार्य करना।**





## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- आपके व्यवसाय के प्रकार आपकी गतिविधि के क्षेत्र और भौगोलिक दायरे पर विचार करते हुए उस पर लागू होने वाले कानूनों और नियमों को **पहचानें**. कानूनों और नियमों का पालन करें और उनमें होने वाले बदलावों के अनुसार कार्रवाई करें.
- **सुनिश्चित करें** कि आपके कर्मचारी नियमित प्रशिक्षण और संचार के माध्यम से इन कानूनों और नियमों के बारे में जानते हैं और उनका पालन करते हैं.
- **सुनिश्चित करें** कि आपका शीर्ष प्रबंधन उनकी सभी गतिविधियों में कानूनों और नियमों का अनुपालन प्रदर्शित करता है और यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रबंधक उदाहरण अनुपालन के उदाहरण पेश करें.
- **इसके अलावा**, आपके आकार, गतिविधि के क्षेत्र और भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर:
  - आवश्यक नीतियों, प्रक्रियाओं और कार्यविधियों से युक्त एक प्रबंधन प्रणाली को **स्थापित करें** और बनाए रखें जो निर्णय लेने, नेतृत्व, जोखिम प्रबंधन, नियंत्रण और सूचना प्रवाह को प्रभावी ढंग से संचालित करती है और आपके उद्देश्यों को प्राप्त करने योग्य बनाती है.
  - एक कंपनी-व्यापी अनुपालन कार्यक्रम **सेट करें** जो कम से कम इस बात पर केंद्रित होता है कि आप कानूनी अनुपालन कैसे सुनिश्चित करते हैं, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को कैसे रोकते हैं और अपने कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में कैसे शामिल करते हैं.
  - अपने अनुपालन कार्यक्रम को नियमित रूप से **सत्यापित करें** और आवश्यकता होने पर इसे अपडेट करें.
- अपने UPM संपर्क व्यक्ति को UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता की आवश्यकताओं के बारे में **सूचित करें**, विशेष रूप से लागू स्थानीय कानून या नियम के साथ संभावित टकरावों के बारे में. साथ मिलकर, हम संभावित बाधाओं से बचने का तरीका खोज सकते हैं.

# 2 लोगों और मानव-अधिकारों का सम्मान करना

योगदान दें और दूसरों को शामिल करें।

## UPM का तरीका

UPM मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है. हम उचित कामकाजी परिस्थितियों को बढ़ावा देते हैं, किसी भी परिस्थिति में बंधुआ या बाल श्रम को बर्दाश्त नहीं करते हैं और हम सुरक्षा को लेकर कभी समझौता नहीं करते हैं.

हम केवल ऐसे व्यवसायों के साथ भागीदारी करते हैं जो मानवाधिकारों और स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को साझा करते हैं. हम उत्तरदायित्वपूर्ण नेतृत्व के माध्यम से अपने कर्मचारियों को सभी स्तर पर सशक्त बनाने और नियुक्त करने का प्रयत्न करता है.



### UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:

- सार्वभौमिक मानवीय अधिकार जैसे विचार, मत, अभिव्यक्ति, धर्म की स्वतंत्रता का सम्मान करेगा। साथ ही जाति, आयु, राष्ट्रीयता, लिंग या लैंगिक-रुझान के आधार पर किए जाने वाले किसी भी भेदभाव या किसी भी तरह के उत्पीड़न को रोकेगा।
- काम के समय और मुआवज़े, संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक मोल-भाव के अधिकार के लिए बने स्थानीय कानूनों का पालन करेगा।
- बच्चों के अधिकारों का सम्मान करेगा और बाल श्रम का उपयोग नहीं करेगा और न ही इसे बर्दाश्त करेगा। स्थानीय कानूनों द्वारा तय की गई या अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा निर्धारित 15 वर्ष की न्यूनतम आयु, जो भी अधिक हो, का पालन करेगा।
- सुनिश्चित करेगा कि किसी भी ऑपरेशन या गतिविधि में किसी भी तरह के जबरन श्रम का न उपयोग किया गया हो और न ही सहन किया गया हो।
- इसके परिचालनों द्वारा प्रभावित कर्मचारियों, आगंतुकों और अन्य लोगों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और बचाव सुनिश्चित करेगा।
- UPM के परिसरों में कार्य करते समय या दौरा करते समय UPM की सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन करेगा और आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण संचालित करेगा।

## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

### मानवाधिकार और सही कामकाजी परिस्थितियां

- सभी स्थितियों में अपने कर्मचारियों के साथ समान रूप से और सम्मानपूर्वक **व्यवहार करें** (जैसे कि भर्ती, पदोन्नति, मुआवज़ा और लाभ) साथ ही, जाति, उम्र, राष्ट्रीयता, लिंग, लैंगिक रुझान, भाषा, धर्म, राजनीतिक या अन्य राय, सामाजिक मूल, संपत्ति, जन्म या अन्य स्थिति के आधार पर उनके साथ भेदभाव न करें.

- **सुनिश्चित करें** कि आपके कर्मचारियों को श्रम संघ गठित करने उनमें शामिल होने या शामिल न होने और सामूहिक रूप से मोलभाव करने की स्वतंत्रता है.

- हम काम करने हेतु सही माहौल को **बढ़ावा** देते हैं. रोज़ 8 घंटे और सप्ताह में 48 घंटे काम के अंतरराष्ट्रीय मज़दूर संगठन (ILO) के मानकों का पालन करें. सुनिश्चित करें कि ओवरटाइम स्वैच्छिक है और इसके लिए मुआवज़ा दिया जाता है.

- अपने कर्मचारियों को उनके रोज़गार से उत्पन्न होने वाली बीमारियों और चोट से **बचाएं**.

- अपनी नीतियों में **निर्दिष्ट करें** और स्पष्ट रूप से बताएं कि आप अपने कर्मचारियों या हितधारकों के प्रतिनिधियों के प्रति यौन और किसी भी अन्य प्रकार के उत्पीड़न और अन्य अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं करते हैं. यह स्पष्ट करें कि कर्मचारियों को मौखिक रूप से, शारीरिक रूप से या दिखने वाले ऐसे व्यवहार करने की अनुमति नहीं है जिसे अपमानजनक, डराने वाला, धमकी देने वाला, दुर्भावनापूर्ण या अपमानजनक माना जा सकता है.

- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की न्यूनतम आयु या स्थानीय कानूनों की परिभाषा के अनुसार रोज़गार के लिए न्यूनतम आयु **निर्धारित** करें यदि उनमें निर्धारित न्यूनतम आयु अधिक है. यदि आपकी कंपनी में उपयुक्त कार्य मौजूद है, तो उन कार्यों और कार्य समय को परिभाषित करें जो युवा श्रमिकों (18 वर्ष से कम आयु के श्रमिकों) को सौंपे जा सकते हैं. सुनिश्चित करें कि युवा व्यक्तियों के रोज़गार से उनकी शिक्षा, विकास या स्वास्थ्य और सुरक्षा खतरे में नहीं पड़ती.


- अपने किसी भी व्यावसायिक कार्य में दासता, बंधुआ मज़दूरी या मानव तस्करी को **बर्दाश्त न करें.** बंधुआ या अनैच्छिक कैदियों से मज़दूरी नहीं करवाई जानी चाहिए.

- इन बातों के लिए **लोगों को** गुलाम माना जा सकता:
  - उन्हें मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना देकर काम के लिए मजबूर किया जाता है.
  - ऋण की अदायगी के रूप में या ज़ब्त संपत्ति जैसे पासपोर्ट या आईडी कार्ड को फिर से हासिल करने के लिए मजबूर करके काम करवाना या इम्मिग्रेशन अधिकारियों से शिकायत करने की धमकी देकर काम करवाना आदि.
  - अमानुषिक व्यवहार, एक वस्तु के रूप में व्यवहार या संपत्ति के रूप में खरीदा और बेचा जाना.
  - शारीरिक रूप से विवश या उनकी कहीं आने-जाने की स्वतंत्रता प्रतिबंधित है.
  - लागू कानूनों या सामूहिक श्रम समझौतों में परिभाषित ब्रेक के बिना दैनिक, साप्ताहिक या मासिक आधार पर अत्यधिक घंटे काम करने के लिए मजबूर किया जाना.

### सुरक्षा

- **हमेशा** अपने कर्मचारियों को आवश्यक व्यावसायिक सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण मुफ़्त में प्रदान करें और सुनिश्चित करें कि यह उपकरण उचित रूप से उपयोग किया जाता है.

- **सुनिश्चित करें** कि UPM परिसर में काम कर रहे या यहां आने वाले आपके कर्मचारी UPM की सुरक्षा प्रक्रियाओं को जानते हैं और वे कार्य-विशिष्ट और स्थान-विशिष्ट सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं. UPM सेफ्टी इंडक्शन टूल बुनियादी सुरक्षा आवश्यकताओं के बारे में बताता है और उन्हें प्रदर्शित करता है. काम के आधार पर, आवश्यक मॉड्यूल UPM साइट में प्रवेश करने से पहले पूरा किया जाना चाहिए.



# 3 पर्यावरणीय प्रभाव और उत्पाद सुरक्षा का ध्यान रखना

## UPM का तरीका

UPM प्रासंगिक पर्यावरणीय कानूनों का अनुपालन करता है और वायु, वातावरण, जल, भूमि एवं जैव-विविधता पर उसके प्रभावों से अवगत है. भूमि का उपयोग करने के अपने तरीके सहित विपरीत प्रभावों को भी कम करना हमारा उद्देश्य है. हम UPM संचालन के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष पर्यावरण भार और प्रभाव को लगातार मापते और आंकते हैं।

जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए, हमने अपने $CO_2$ उत्सर्जन और 2030 तक हमारे द्वारा खरीदी गई ऊर्जा में बहुत अधिक कटौती के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम अपने मूल्य श्रृंखला में हमारे उत्पादों के कारण होने वाले $CO_2$ उत्सर्जन को कम करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं-इसमें उत्पादन से लेकर उपयोग और निपटान शामिल है.

### UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:

- भूमि, जल, जैव-विविधता, जलवायु और हवा पर अपने नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव को कम करेगा।
- कचरे का प्रबंधन लागू कानूनों और निर्माता के निर्देशों के अनुसार करेगा।
- सुनिश्चित करेगा कि उत्पाद जिस उद्देश्य से बनाए गए हैं उसके लिए सुरक्षित हैं।



## कम करें, पुनः उपयोग करें, पुनर्निमाण करें!

### उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- अपने पर्यावरणीय पहलुओं और उनसे जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों का **निर्धारण और आकलन करें**. सामान्य और असाधारण स्थितियों में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभावों को प्रबंधित करें.
- कचरे, हवा, पानी और रसायनों के लिए आवश्यक पर्यावरणीय परमिट **प्राप्त करें और बनाए रखें** और सुनिश्चित करें कि आपके ठेकेदारों के पास भी आवश्यक परमिट हैं.
- हवा, मिट्टी और पानी को प्रभावित करने वाले उत्सर्जन और अपशिष्ट को **मापें और रिकॉर्ड करें** और अपने प्रत्यक्ष $CO_2$ उत्सर्जन के साथ-साथ खरीदी गई ऊर्जा से होने वाले उत्सर्जन को जानें.
- कम उत्सर्जन का **लक्ष्य निर्धारित करें**.
- **शर्तें निर्धारित करें** कि आपके आपूर्तिकर्ता उनके $CO_2$ उत्सर्जन की रिपोर्ट दें.
- **यदि आपका काम** खुली जगह (वानिकी, कृषि, ओपन पिट माइनिंग आदि) पर है, तो अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में जैव विविधता को बढ़ावा दें.
- **सुनिश्चित करें** कि आपके उत्पाद कानूनी और UPM उत्पाद सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करते हैं.
- लागू कानूनों और UPM द्वारा निर्दिष्ट सामग्री प्रतिबंधों का **पालन करें**.
- उपयोग में आने वाले रसायनों और यौगिकों जैसे कच्चे माल की सामग्री का पूरा डेटा रिकॉर्ड **बनाए रखें**.
- **सुनिश्चित करें** कि आपका सभी कच्चा माल कानूनी स्रोतों से आता है.
- उचित प्रक्रियाओं, जैसे दूसरी ट्रे और/या पूल और इन पदार्थों के प्रबंधन के साधन से पर्यावरण में रसायनों और अन्य खतरनाक पदार्थों के रिसाव को **रोकें**. UPM को प्रासंगिक प्रक्रिया से विचलन या रिसाव की रिपोर्ट करें.
- ऐसी प्रक्रियाएं **सेट करें और बनाए रखें** जो सुनिश्चित करें कि आप अपने अपशिष्ट प्रबंधन दायित्वों का पालन कर रहे हैं. हमेशा अपने संचालन या उत्पादों या ग्राहकों की संपत्ति से कचरे को कम करने और पुन: उपयोग करने के अवसरों की तलाश करें. सुनिश्चित करें कि खतरनाक अपशिष्ट को लागू कानून और उत्पादक के निर्देशों के अनुसार निपटान किया जाता है.
- अपने संचालन के लिए उपयुक्त पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (EMS) लागू करना **सुनिश्चित करें**. UPM ऐसे EMS प्रमाणन को वरीयता देता है जो उचित पर्यावरणीय मानक के अनुसार हो जैसे कि ISO 14001.



# 4 भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के प्रति पूर्ण असहिष्णुता

## UPM का तरीका

UPM का मार्गदर्शक सिद्धांत स्पष्ट है: हम किसी भी रूप में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का समर्थन नहीं करते हैं. हम कभी भी सरकारी अधिकारियों या निजी व्यक्तियों को न रिश्वत देते हैं और न ही पेशकश करते हैं और हम न तो रिश्वत मांगते हैं न स्वीकार करते हैं.

**कोई समझौता नहीं, कोई बहाना नहीं, कोई अपवाद नहीं!**

### UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:

- कभी भी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी परिस्थिति में सरकारी अधिकारियों या गैर-सरकारी व्यक्तियों को न रिश्वत देगा, न ही रिश्वत का प्रस्ताव रखेगा या रिश्वत की अनुमति देगा।
- प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी परिस्थिति में किसी भी पक्ष से रिश्वत नहीं लेगा, न रिश्वत की मांग रखेगा या न स्वीकार करेगा।
- कभी भी, किसी भी परिस्थिति में, भ्रष्टाचार या अन्य अनुचित या अवैध व्यावसायिक गतिविधियों, जैसे कि जबरन वसूली, गबन या धोखाधड़ी से नहीं जुड़ेगा।
- अपने परिचालनों में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को रोकने के लिए पर्याप्त प्रक्रियाएं बनाए रखेगा।

## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

### सामान्य सिद्धांत

- व्यावसायिक निर्णय में दबाव बनाकर हमें कारोबार पाने, उसे बनाए रखने या गलत लाभ कमाने के लिए किसी भी प्रकार की **पेशकश या कोई भी मूल्यवान चीज़ नहीं देनी चाहिए**. यह प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों रूपों में निषिद्ध है यानी हमारे लिए काम करने वाले किसी तृतीय-पक्ष के माध्यम से.

- हमें **प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी मूल्यवान चीज़ की मांग या उसे स्वीकार नहीं करना चाहिए**, जो हमारे व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित कर सकती है.

- **ध्यान दें** "कोई भी मूल्यवान चीज़" को विस्तृत रूप से समझना चाहिए और इसमें कोई भी भुगतान, ऋण, छूट, राजनीतिक या दान में सहयोग, भरपाई, उपहार, गिफ्ट कार्ड, दावत, मनोरंजन, यात्रा, रोजगार या इंटर्नशिप, व्यावसायिक अवसर, सेवा और अन्य लाभ शामिल हैं.

- **याद रखें** कि सरकारी अधिकारियों के साथ भ्रष्टाचार और रिश्वत के नियम और भी सख्त हैं. यहां तक कि किसी सरकारी अधिकारी को दिए गए मामूली लाभ को भी रिश्वत माना जा सकता है.

- ध्यान दें कि अलग-अलग भ्रष्टाचार-विरोधी कानून के अंतर्गत **"सरकारी अधिकारी"** का अर्थ अलग-अलग हैं. इसमें अक्सर कोई अधिकारी, किसी सरकारी विभाग का कर्मचारी या प्रतिनिधि या उम्मीदवार, एजेंसी, राष्ट्र स्वामित्व या राष्ट्र के नियंत्रण वाला उद्यम, नगर निगम, पैरिश (ग्रामीण इलाकों में मौजूद सबसे छोटी सरकारी इकाई), राजनीतिक दल या सार्वजनिक अंतरराष्ट्रीय संगठन होते हैं.

### भ्रष्टाचार और अन्य अनुचित और गैरकानूनी व्यावसायिक गतिविधियां

- भ्रष्टाचार की पहचान करके और इसके विरुद्ध कार्रवाई करके इसके समाप्त करने में **सहयोग करें**.

- **अन्य अनुचित व्यवसाय व्यवहार** व्यवसाय पाने, व्यवसाय बनाए रखने या अपने या किसी अन्य व्यक्ति के व्यवसाय से अनुचित लाभ उठाने के लिए सभी प्रकार के अनुचित और अनैतिक साधनों को कवर करती हैं. उदाहरण में जबरन वसूली, गबन, धोखाधड़ी, गलत बयानी और झूठे विज्ञापन शामिल हैं. इनमें से कई कार्रवाइयां विभिन्न देशों में अवैध हैं.

### उपहार और आतिथ्य

- ऐसे उपहारों या आतिथ्य, दावत, यात्रा या मनोरंजन की **पेशकश न करें, न दें या स्वीकार करें** जो अपव्ययी हो या जिनका उपयोग अनुचित व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करने अथवा विशेष रूप से आदर-सत्कार प्राप्त करने के लिए किया गया हो या जिससे अनुचित स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

- **उपहार या आतिथ्य** के लिए कोई वैध व्यावसायिक उद्देश्य होना चाहिए और वे हमेशा प्रकार और आकार में उचित होने चाहिए.

- सभी उपहारों, आतिथ्य, भोजन, यात्रा और मनोरंजन से संबंधित खर्च का **रिकॉर्ड** रखें.

### जोखिम प्रबंधन

- आपका संगठन भ्रष्टाचार और रिश्वत के जिन मामलों का शिकार हो सकता है ऐसे सभी आंतरिक और बाह्य जोखिमों का **नियमित रूप से आकलन करें और उनका दस्तावेज़ बनाएं**.

- भ्रष्टाचार और रिश्वत रोकथाम प्रक्रियाओं (जैसे नीतियां, प्रशिक्षण, और दुराचार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहन) को **बनाए रखें** जो आपके संगठन के भ्रष्टाचार और रिश्वत जोखिमों के अनुपात में हैं.

- **सुनिश्चित करें** कि आपका शीर्ष प्रबंधन संचार में और व्यवहार में - भ्रष्टाचार और रिश्वत के लिए शून्य-सहिष्णुता के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता दर्शाता है. साथ ही, सभी प्रबंधक इसका उदाहरण पेश करते हैं.

- प्रशिक्षण और संचार के माध्यम से **सुनिश्चित करें** कि आपके कर्मचारी भ्रष्टाचार और रिश्वत के लिए आपकी शून्य-सहिष्णुता के बारे में जानते हैं और प्रतिबद्ध हैं. आपकी ओर से काम करने वाले आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों की पृष्ठभूमि (पिछला रिकॉर्ड) जांचें और साथ ही, समझौते के तहत उन्हें भ्रष्टाचार-विरोधी और रिश्वत-विरोधी कानूनों का पालन करने की शर्त रखें. यह भी मॉनिटर करें कि इस शर्त का सम्मान किया जाता है.


- भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को रोकने के लिए अपनी प्रक्रियाओं की **निगरानी और समीक्षा करें** और जहां आवश्यक हो, सुधार करें.

# 5 व्यावसायिक पारदर्शिता

## UPM का तरीका


हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक भागीदारों को जानकर और उनके साथ व्यावसायिक संबंधों को विकसित करके UPM अपने व्यापार के प्रदर्शन, आपूर्ति सुरक्षा और व्यापार निरंतरता में सुधार कर सकते हैं.

साथ ही, UPM अवैध व्यापार में शामिल होने और इस तरह के संबंधों के कारण होने वाले नुकसानों या प्रतिष्ठा संबंधी क्षति के जोखिम को कम सकते हैं. यही कारण है कि निष्पक्ष मानदंडों के आधार पर हमें अपने व्यवसाय के भागीदारों का ध्यानपूर्वक चयन करना चाहिए, जैसे कि वे लागू कानूनों के अनुपालन में व्यापार का संचालन करने वाले होने चाहिए.



**UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:**

- लागू कानूनों के तहत उचित रूप से संगठित और मान्य रूप से मौजूद कानूनी इकाई बनेगा।
- अपने व्यवसाय का संचालन करने के अधिकार के तहत, UPM के साथ अनुबंध करेगा और उसी के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा।
- ऐसे जोखिमों के प्रति सजग रहेगा, जो सामने आ सकते हैं, यथोचित जोखिम कम करने की प्रक्रियाएं बनाए रखेगा और यदि जोखिमों का प्रभाव UPM के व्यवसाय पर पड़ सकता हो, तो UPM को तुरंत सूचित करेगा।
- प्रयोजनीय कर कानून का पूरी तरह अनुपालन करेगा और प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित सभी कर और अन्य आधिकारिक भुगतान करेगा।
- लागू सभी काले धन - विरोधी कानूनों और व्यापार प्रतिबंध व्यवस्थाओं का पूर्ण रूप से पालन करेगा।
- UPM आपूर्तिकर्ता या तृतीय-पक्ष मध्यस्थ के रूप में अपनी गतिविधियों से संबंधित किसी भी वास्तविक या संभावित हित टकराव UPM को बताएं। इनमें आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष मध्यस्थ और UPM कर्मचारियों के बीच आपसी संबंध के साथ ही, UPM के कर्मचारियों का आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष मध्यस्थ के व्यवसाय में आर्थिक हित शामिल है।




## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- अपनी कानूनी इकाई के लिए उपयुक्त पंजीकरण आवश्यकताओं को **पूरा** करें.
- व्यवसाय चलाने और समझौते करने के लिए आवश्यक सभी आवश्यक लाइसेंस और परमिट **प्राप्त करें और बनाए रखें**.
- आप UPM में जो भी काम करते हैं उसके संबंध में किसी प्रसिद्ध इंश्योरेंस कंपनी से पर्याप्त इंश्योरेंस पॉलिसी **लें और बनाए रखें**.
- आपके व्यवसाय के लिए जोखिमों की पहचान करने के लिए **नियमित रूप से** एक प्रभावी जोखिम मूल्यांकन करें. उदाहरण, आर्थिक, कच्चे माल की डिलीवरी, पर्यावरण (तूफ़ान, बाढ़, आदि), सामाजिक, और साइबर जोखिम.
- लगातार जोखिमों से **निपटें** और उन्हें प्रबंधित करने के लिए नियंत्रण स्थापित करें.
- यदि आपकी नज़र किसी ऐसे जोखिम पर पड़ती है जिससे UPM के व्यवसाय पर असर पड़ सकता है, तो UPM को **सूचना** दें. ऐसा करने से यह सुनिश्चित होता है कि हम एक साथ सोच-विचार कर सकते हैं कि कैसे जोखिम को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जाए.
- आपके व्यवसाय पर लागू होने वाले टैक्स कानून **से अवगत रहें**. साथ ही, उन टैक्स और आधिकारिक भुगतानों से भी जो आपके कारोबार लागू हो सकते हैं. अपने संचालनों से टैक्स की चोरी न होने दें उदाहरण, उचित निगरानी के ज़रिए.
- अपने संचालनों में मनी लॉडरिंग पर **रोक लगाएं** उदाहरण, अपने व्यावसायिक भागीदारों के वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि (पिछला रिकॉर्ड) की जांच करके.
- अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध नियमों के कारण लगाए गए व्यापार प्रतिबंधों से **अप-टू-डेट रहें और उन्हें लागू करें**. व्यवहार में, अपने ग्राहकों और अन्य व्यावसायिक भागीदारों की निगरानी करें. उदाहरण, प्रतिबंधित पक्षों के साथ किसी भी लेनदेन से बचने के लिए प्रतिबंध सूची की जांच करके. जहां आवश्यक हो, वहां अतिरिक्त निगरानी. उदाहरण, कुछ भौगोलिक क्षेत्रों में, अनुपालन जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए.

### हितों का टकराव

- **हितों का टकराव** तब होता है जब UPM आपूर्तिकर्ता या तृतीय-पक्ष मध्यस्थ के तौर पर आपके हित, UPM के हितों से टकराते हैं.
- यहां वाणिज्यिक शर्तों और ग्राहक सेवा से संबंधित सामान्य परस्पर विरोधी हितों को **हितों का टकराव** नहीं माना जाता है. लेकिन ऐसी स्थितियां जहां ऐसे हितों से निष्पक्ष निर्णय लेने की प्रक्रिया खतरे में पड़ जाती हो, वहां हित टकराव माना जाएगा.
- **हित टकराव** होने का उदाहरण, यदि आपके कर्मचारियों का UPM के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव है या UPM कर्मचारियों का आपके व्यवसाय में वित्तीय हित है. इनका खुलासा करके हम यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि दोनों ओर से निष्पक्ष निर्णय लिए जाएंगे.

# 6 प्रतिस्पर्धा संबंधी कानूनों का अनुपालन

## UPM का तरीका

UPM में, यह आवश्यक है कि हमारी गतिविधियां ऐसी हों जो हमेशा, प्रतिस्पर्धा को नियंत्रित करने वाले लागू कानूनों के अनुसार हों. प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन हमें ऐसे समझौते या अन्य व्यवहार करने से रोकता है जो प्रतिस्पर्धा को प्रतिबंधित करते हैं. हम प्रतिस्पर्धियों को कोई भी संवेदनशील जानकारी नहीं देते और न ही उनसे इसकी चर्चा करते हैं.

### UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:

- सभी लागू प्रतियोगी कानूनों का अनुपालन करेगा और ग्राहकों, वितरकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य व्यावसायिक सहयोगियों सहित प्रतियोगी रूप से प्रतिबंधित सभी अनुबंधों, व्यापार प्रक्रियाओं, बैठकों या किसी भी अन्य भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया में शामिल या संलग्न नहीं होगा जिन्हें प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार के विरुद्ध माना जाता हो।



**व्यापार की सफलता अनुपालन पर आधारित होती है।**

## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- हमें प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्य निर्धारण, बाज़ार या ग्राहक आवंटन, बोली में हेराफेरी, उत्पादन का बहिष्करण या उस पर रोक लगाने में **शामिल नहीं होना चाहिए**.
- प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन में प्रतिस्पर्धियों के साथ संवेदनशील जानकारी की **चर्चा या उसका आदान-प्रदान नहीं करें**.
- प्रतिस्पर्धियों के साथ **कोई भी संपर्क या वाणिज्यिक अनुबंध** तथा व्यापारिक और व्यावसायिक सभाएं प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुसार होनी चाहिए.
- **ध्यान दें** कि कुछ अनुबंध की शर्तें, उदाहरण, रीसेलिंग प्रतिबंध, पुनर्विक्रय मूल्य बनाए रखना और विशिष्ट होने से जुड़ी व्यवस्था को कानूनी समीक्षा की आवश्यकता हो सकती है.
- **यदि** बाज़ार में आपको एक प्रमुख स्थान प्राप्त है तो आपको उस स्थिति का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए.



# 7 परिसंपत्तियों और जानकारी का संरक्षण करना

## UPM का तरीका

UPM कर्मचारी UPM और हमारे व्यावसायिक भागीदारों की संपत्ति, जैसे कि मशीनरी, उपकरण, कच्चा माल, वाहन, IT और मोबाइल डिवाइस और धन को संभालने और इनकी सुरक्षा करने के लिए ज़िम्मेदार हैं. साथ ही, उन्हें नुकसान, हानि, चोरी और दुरुपयोग से बचाने के लिए भी. हम गोपनीय जानकारी और व्यक्तिगत डेटा को सावधानी से संभालें और साइबर जोखिमों के खिलाफ़ कंपनी की रक्षा करें.

एक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी के रूप में, UPM की जानकारी के सभी सार्वजनिक प्रकटन लागू कानूनों और शेयर बाज़ार के नियमों के अनुपालन में किए जाएंगे.

**UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:**

- UPM की संपत्ति को सावधानी से इस्तेमाल करेगा।
- UPM की गोपनीय जानकारी को अनधिकृत उपयोग या प्रकटीकरण से बचाएगा।
- व्यक्तिगत डेटा को लागू कानूनों के अनुसार संसाधित करेगा।
- कभी भी UPM के संबंध में UPM की अनुमति के बिना किसी भी घोषणा, प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति या अन्य सार्वजनिक घोषणा का प्रकाशन नहीं करेगा।
- UPM और अन्य पक्षों के बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करेगा।

## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- जानकारी सहित UPM की संपत्ति को आपको दिए गए कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य उद्देश्य के लिए **न करें**.
- डेटा की सुरक्षा जिसमें UPM के व्यापार के रहस्य भी शामिल हैं कि सुरक्षा के लिए सही उपाय **करें**. उदाहरण, उचित गैर-प्रकटीकरण अनुबंधों और अन्य सुरक्षा प्रणालियों का उपयोग करके और डेटा की पहुंच सिर्फ़ उन लोगों तक सीमित करके जिन्हें इस गोपनीय जानकारी की आवश्यकता, यह गोपनीय जानकारी दिए जाने का उद्देश्य पूरा करने के लिए आवश्यक है.
- सार्वजनिक जगहों या सोशल मीडिया पर या किसी भी संबंधी या दोस्त से गोपनीय मामलों पर **चर्चा न करें**.
- साइबर जोखिमों से डेटा की सुरक्षा के लिए उचित आईटी टूल का उपयोग करें और आईटी सूचना सुरक्षा नीतियां लागू करें.
- **सुनिश्चित करें** कि प्रशिक्षण और संचार के माध्यम से आपके कर्मचारी और व्यावसायिक भागीदार गोपनीयता और साइबर सुरक्षा के बारे में आपकी आवश्यकताओं को जानते हैं और इनके लिए प्रतिबद्ध हैं.
- अपने व्यवसाय पर लागू होने वाले कानूनों के अनुपालन के लिए किसी भी व्यक्तिगत डेटा को **संभालकर रखें**.
- पर्याप्त कानूनी संरक्षण या गोपनीयता बनाए रखते हुए UPM की बौद्धिक संपदा जैसे अविष्कार, पेटेंट, ट्रेडमार्क और डोमेन नाम की **रक्षा करें**.
- **सुनिश्चित करें** कि आपके उत्पाद और सेवाएं किसी तीसरे पक्ष के बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते.

**रोकथाम करें,
संरक्षण करें,
ध्यान रखें।**



# 8 अपने साथ व्यापार करने वाले लोगों के बारे में जानना

## UPM का तरीका

अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ कोई व्यावसायिक संबंध बनाने से पहले UPM चाहता है कि उनसे संबंधित सभी जोखिमों का पता कर लें और उन्हें खत्म कर लें. हम अपने व्यावसायिक संबंधों के दौरान अपने व्यावसायिक भागीदारों पर भी निगरानी रखते हैं. UPM, विश्वसनीय स्रोत-सेवा कार्यप्रणालियों के लिए प्रतिबद्ध है और अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे लागू कानूनों का अनुपालन करें और UPM की आचार संहिता में उल्लेखित सिद्धांतों को साझा करें.

आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता में, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्ष के मध्यस्थों के लिए आवश्यकताएं निर्धारित करते हैं और हम उनसे अपेक्षा करते हैं कि वे अपनी आपूर्ति श्रृंखला के भीतर इन आवश्यकताओं को बढ़ावा दें.

### UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:

- किसी गैरकानूनी व्यावसायिक गतिविधि या इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता की किसी भी आवश्यकता के उल्लंघन में शामिल होने के जोखिम की पहचान करेगा और उसे कम करने के लिए अपने व्यावसायिक भागीदारों को जानकर ध्यानपूर्वक चयन करेगा।
- इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता में वर्णित आवश्यकताओं को बढ़ावा देगा और अपनी आपूर्ति श्रृंखला के अन्य पक्षों तक ले जाएगा।
- व्यापार संबंधी सभी लेन-देन का पूरा और सही रिकॉर्ड रखेगा।



## क्या आप अपने व्यापारिक भागीदार को जानते हैं?

### उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- व्यवसाय की अखंडता के लिए अपनी स्वयं की प्रतिबद्धता को **खुले तौर पर घोषित करें**.
- अपने व्यावसायिक भागीदारों के लिए आवश्यकताएं **निर्धारित करें** और पारदर्शी तरीके से इन आवश्यकताओं के बारे में बताएं. आवश्यकताओं से इस आपूर्तिकर्ता के लिए दायरे और तृतीय-पक्ष कोड की आवश्यकताएं कवर होनी चाहिए.
- कर्मचारी और मानव अधिकारों, रिश्वत-विरोधी और भ्रष्टाचार-विरोधी, सामग्री या सेवा की गुणवत्ता, पर्यावरण उत्सर्जन और अन्य अनुपालन जोखिमों के संदर्भ में अपने व्यापारिक भागीदारों के जोखिमों का **आकलन करें**. ऐसा करने का उदाहरण है, व्यावसायिक संबंध बनाने से पहले पृष्ठभूमि (पिछले रिकॉर्ड) की जांच करना और व्यावसायिक संबंध के दौरान ऑडिट करना.
- प्रतिबंधों की सूची के अनुसार अपने व्यावसायिक भागीदार की **जांच करें**.
- अपनी आपूर्ति श्रृंखला के भीतर नियमित रूप से क्रेडिट और वित्तीय **जांच करें**. संदेहजनक बातों पर ध्यान दें, जैसे कि जटिल या असामान्य भुगतान संरचना, विभिन्न पार्टियों से कई भुगतान और एक असंबंधित खाते या तीसरे पक्ष के भुगतान के लिए अनुरोध.
- अपने प्रमुख और उच्च-जोखिम वाले आपूर्तिकर्ताओं के प्रदर्शन के लिए **लक्ष्य निर्धारित करें**, उदाहरण, पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव. प्रगति पर नज़र रखें.
- अपने व्यावसायिक भागीदारों को उनकी ज़िम्मेदार व्यवसाय व्यवहार को बेहतर बनाने में लगाता **सक्रिय सहयोग दें**.
- अपने व्यावसायिक भागीदारों के लिए निर्धारित आवश्यकताओं के अनुपालन की **निगरानी करें** और ऑडिट का अधिकार सुरक्षित रखें. फ़ॉलो-अप और सुधार कार्रवाइयां पूरी करके जोखिम आधारित ऑडिट करें.
- यदि आपको किसी दुर्व्यवहार का पता चलता है तो **उचित उपाय करें**.
- सभी व्यावसायिक लेन-देन का रिकॉर्ड रखकर अपने व्यापार लेनदेन की वैधता का **प्रदर्शन करें**. इसकी आवश्यकता अधिकारियों को एंटी-मनी-लॉन्ड्रिंग या भ्रष्टाचार-विरोधी जांच जैसी चीज़ों के लिए हो सकती है.

# 9 हितधारकों और समाज के साथ संलग्न होना

## UPM का तरीका

UPM का लक्ष्य हितधारक-विशिष्ट अपेक्षाओं को समझना है और UPM के लक्ष्यों, परिचालन सिद्धांतों और हमारे सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत करना है. हम अलग-अलग मतों के अधिकार का सम्मान करते हैं, क्योंकि हम अपने हितधारकों और समाज के साथ बातचीत को बढ़ावा देना चाहते हैं. हम विभिन्न परियोजनाओं और उपक्रमों के माध्यम से अपने स्थानीय समुदायों की विकास प्रक्रिया में भाग लेते हैं.

**UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:**

- अपने हितधारकों के साथ स्पष्ट और पारदर्शी संचार करेगा और हितधारकों के साथ संवाद को प्रोत्साहित करेगा।






## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- अपने हितधारकों और उनकी अपेक्षाओं को **पहचानें** और उनके विचारों को सुनें. सुनिश्चित करें कि आपके पास संभावित शिकायतों के दस्तावेजीकरण के लिए पर्याप्त व्यवस्था है और उनका लगातार उपयोग करें.

- विभिन्न हितधारकों के साथ **जुड़ाव रखें** और बातचीत के लिए उपलब्ध रहें.

- अपने प्रभावों और प्रदर्शन के बारे में अपने स्थानीय हितधारकों और समाज को पारदर्शी और तथ्य आधारित जानकारी **प्रदान करें**.

- **अगर आपके व्यवसाय संचालन में बदलाव हुए हैं**, पर्यावरण पर होने वाला प्रभाव बढ़ा है या कुछ ऐसे बदलाव हुए हैं जिनसे आपके हितधारकों का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, तो सक्रिय रूप से उनसे जुड़ें और उन्हें बताएं कि आपने कौन-कौन सी कार्रवाइयां की हैं. ऐसी स्थितियों के उदाहरणों में रिसाव या फैलना, बढ़ी हुई गंध या उत्पादन का विस्तार शामिल हो सकता है.


- समुदाय और हितधारकों से प्रतिसाद लेने का माध्यम **स्थापित करें**.

# 10 अनुपालन में सभी शामिल हैं

## UPM का तरीका

UPM में, हमारी अखंडता और नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए हर कोई ज़िम्मेदार है. हम बोलने की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं जहां कर्मचारियों के पास मौका होता है और उन्हें बढ़ावा दिया जाता है कि वे अपनी चिंताओं के बारे में बताएं.

सभी कर्मचारियों को तुरंत किसी भी संदिग्ध या दिखाई दिए दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करनी चाहिए. हम उस व्यक्ति के खिलाफ़ किसी भी प्रकार के बदले की भावना बर्दाश्त नहीं करते हैं, जो अच्छी नीयत के साथ संदिग्ध दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करता है.



### UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय-पक्ष:

- UPM को बातचीत के माध्यम से इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता के अनुपालन को सत्यापित करने और यदि UPM को आवश्यक लगे तो ऑन-साइट ऑडिट के माध्यम से पुष्टि करने की अनुमति देगा। UPM के आंतरिक या बाह्य संसाधनों द्वारा संचालित ऑडिट के लिए उचित सूचना दी जाएगी।
- UPM के सर्वेक्षणों का समयोचित रूप से प्रतिसाद देगा।
- UPM कानूनों या इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता के उल्लंघन या सुधारात्मक कार्रवाई न कर पाने को अनुबंध का उल्लंघन मानेगा और यह UPM को आपूर्तिकर्ता या तृतीय-पक्ष के साथ व्यावसायिक संबंध समाप्त करने का हकदार बना सकता है।
- कर्मचारियों को ऐसा माहौल देगा जिसमें वे दुर्व्यवहार के खिलाफ़ आवाज़ उठा सकें या सुधार का सुझाव दे सकें या अज्ञात रूप से प्रतिक्रिया दे सकें।
- अपने UPM संपर्क व्यक्ति को इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता के किसी भी संदिग्ध या संभावित उल्लंघन की तुरंत रिपोर्ट करेगा जो व्यावसायिक संबंध या UPM को प्रभावित कर सकते हैं।

## उदाहरण और आपके लिए अच्छे व्यवहार

- पारदर्शिता और अनुपालन की पुष्टि के लिए UPM को केस-विशिष्ट विषयों पर ऑन-साइट ऑडिट करने का अधिकार **प्रदान करें**. ऑडिट सभी पक्षों के लिए फ़ायदेमंद होते हैं: इससे UPM सुनिश्चित कर सकता है कि उसके व्यावसायिक भागीदार, आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता का अनुपालन कर रहे हैं और व्यावसायिक भागीदार को प्रतिसाद और अपने संचालन विकसित करने का अवसर मिलता है.
- विशेष रूप से पर्यावरणीय अनुमति और उत्सर्जन, मानव संसाधन से संबंधित प्रश्नों और आपकी रिश्वत-विरोधी कार्रवाइयों के बारे में स्पष्ट रिपोर्टिंग सक्षम करने का सिस्टम **बनाएं**.



- अपने कर्मचारियों और बाहरी हितधारकों को आसानी से सुलभ और विश्वसनीय चैनल **उपलब्ध कराएं**, जहां वे कदाचार और किसी भी अवलोकन की रिपोर्ट कर सकते हैं उदाहरण, सुरक्षा या मानव अधिकारों के बारे में या जहां वे अपने विकास से जुड़े विचारों को साझा कर सकें. आपके कर्मचारी प्रतिभा का भंडार हैं जो बहुमूल्य विचार दे सकते हैं.
- **सुनिश्चित करें** कि आपके पास प्राप्त होने वाले प्रतिसाद के प्रबंधन के लिए एक प्रक्रिया है और आपके कर्मचारी इस प्रक्रिया से परिचित हैं.
- साथ ही यह **स्पष्ट तौर पर बता दें** कि आप उस व्यक्ति के खिलाफ़ किसी भी प्रकार के बदले की भावना को बर्दाश्त नहीं करते हैं, जो अच्छी नीयत के साथ संदिग्ध दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करता है या संदिग्ध दुर्व्यवहार को खत्म करने की जांच में भाग लेता है. बदला लेने के उदाहरण में मौजूद पद से निचले पद पर करना, नौकरी से निकाल देना, पदोन्नति से मना करना, वेतन में कमी करना और किसी भी तरह की धमकी देना, परेशान करना या उत्पीड़न शामिल हैं.
- दुर्व्यवहार के आरोप की तुरंत जांच करना **सुनिश्चित करें**. जहां दुर्व्यवहार पाया गया हो वहां सुधार वाली कार्रवाइयां करें और सभी संबंधित पक्षों को हल बताएं.
- आप UPM कर्मचारियों या इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता से संबंधित किसी भी संदिग्ध या देखे गए दुर्व्यवहार की रिपोर्ट सीधे UPM में अपने संपर्क व्यक्ति या अनाम रहकर UPM के दुर्व्यवहार रिपोर्ट करने के चैनल का उपयोग करके **कर सकते हैं**.

**शांत रहना कोई विकल्प नहीं है। उचित कार्य करें!**





## दुर्व्यवहार की सूचना देना

अज्ञात दुर्व्यवहार की रिपोर्ट जिसमें UPM कर्मचारी भी शामिल हैं, इस तरीके से बनाई जा सकती है:

UPM-Kymmene Corporation
Head of Internal Audit/Complaint
P.O. Box 380
FI-00101 Helsinki, Finland
reportmisconduct@upm.com
**upm.com/reportmisconduct**

UPM दुर्व्यवहार की रिपोर्टों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करेगा और उन्हें पूरी तरह से संभव हद तक गोपनीय रखेगा।

**upm.com**

Cover: UPM Fine 250 g/m2, inside pages: UPM Fine 120 g/m2. Updated 01/2024. Copyright: UPM-Kymmene Corporation.
The Supplier and Third-Party Code is available in several languages. In case of a conflict between the language versions, the English language version prevails.